# 70 फीसदी रोजगार दें उद्योग

## सोलन में मुख्यमंत्री ने दी उद्योगपतियों को नसीहत

कार्यालय संवाददाता

परवाणू — हिमाचल में लगने वाले उद्योगों में 70 फीसदी हिमाचलियों को रोजगार देना अनिवार्य है और नियम को लागू करना उद्योगों के लिए अनिवार्य है। यह नसीहत मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह ने गुरुवार को सोलन जिला के जाबली गांव में एचपीएल ग्रुप की औद्योगिक इकाई का उद्घाटन करते हुए दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास के तहत लगभग 33 हजार से ऊपर स्माल स्केल तथा 350 के करीब मीडियम तथा बड़े स्तर के उद्योग स्थापित हुए हैं, वहीं लाखों हिमाचलियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात यह है कि बड़ा ग्रुप प्रदेश में स्थापित हुआ है। इसकी जड़ें विदेशों में भी हैं और क्षेत्र के विकास में नव स्थापित उद्योग अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि वैसे तो हिमाचल प्रदेश कृषि तथा पर्यटन के क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण भूमिका रखता है और प्रदेश की अधिकतर

## एचपीएल करेगी 45 करोड़ का निवेश : कुलदीप

प्रदेश के उद्योग मंत्री कुलदीप कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एचपीएल औद्योगिक इकाई प्रदेश के विकास के लिए माइल स्टोन साबित होगी, वहीं मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह के दिशो-निर्देशों से हिमाचल में औद्योगिक क्षेत्र में क्रांतिकारी विकास हुआ है। हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए 2004 में नीति बनी है हिमाचल में विदेशों से भी बड़े ग्रुप आए हैं। उन्होंने कहा कि एचपीएल औद्योगिक इकाई में लगभग 45 करोड़ रुपए का निवेश होगा और करीब एक हजार से ऊपर बेरोजगारों को

सोलन : जाबली में एचपीएल ग्रुप की औद्योगिक इकाई के उद्घाटन अवसर के दौरान मंच पर उपस्थित मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह व अन्य